# 5. संस्थाओं का कामकाज

मुख्य-बिंदु :

- सर्वोच्च न्यायालय एक संस्था है जहाँ नागरिक और सरकार के बीच वाद-विवाद सुलझाए जाते है |
- देश के विभिन्न स्तरों पर मौजूद अदालतो को सामूहिक रूप से न्यायपालिका कहते है |
- सर्वोच्य न्यायालय देश में न्यायिक प्रशासन को नियंत्रित करती है |
- भारत की न्यायपालिका दुनिया की सर्वाधिक प्रभावशाली न्यायपालिकाओं में से एक न्यायपालिका है |
- लोकतांत्रिक देश में कानून बनाने का सबसे बड़ा अधिकार संसद के पास होता है |
- भारत में निर्वाचित प्रतिनिधियों की राष्ट्रिय सभा को संसद कहते है |
- राज्य स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों की सभा को विधान सभा कहते हैं |
- कानून बनाने अथवा विधि निर्माण के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की सभा को विधायिका कहते हैं |
- जनता द्वारा चुने प्रतितिनिधियों को ही कानून बनाने का अधिकार होता है |
- राज्यसभा को उपरी सदन (Upper House) कहते हैं |
- लोकसभा को निचली सदन (Lower House) कहते हैं |
- सरकार के उस निकाय को जिसमें मंत्री शामिल रहते है उसे मंत्री परिषद् कहते हैं |
- संसद के दो सदन हैं, (i) राज्य सभा (ii) लोक सभा
- राज्य सभा भारतीय संसद का स्थायी सदन है, क्योंकि यह कभी भंग नहीं होता है |
- लोक सभा अस्थायी सदन है जो हर पाँच वर्ष के कार्यकाल को पूरा करने के बाद भंग हो जाता है |
- राष्ट्रपति लोकसभा में बहुमत वाली पार्टी अथवा पार्टियो के गठबंधन के नेता को ही प्रधानमंत्री नियुक्त करता है |
- किसी लोकतत्र में लोगो की इच्छा सर्वोपरी होती है | मंत्री लोगों द्वारा चुना गया होता है और इस प्रकार उसे जनता की और से उनकी इच्छाओ को लागू करने का अधिकार प्राप्त होता है |
- विभागों के विवाद के मामले में प्रधानमंत्री का निर्णय ही अंतिम माना जाता है |
- सरकार के प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री के व्यापक अधिकार होते है |
- भारत के राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश , सर्वोच्च न्यायालयो और राज्य के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश , राज्यपालों ,चुनाव आयुक्त तथा दुसरे देशो में राजदूतो आदि को नियुक्त करता है |
- लोक सेवाओ में काम करने वाले लोगो को सिविल सर्वेंट या नौकरशाह कहते है |
- जनता द्वारा एक खास अवधि के लिए निर्वाचित लोगो को राजनैतिक कार्यपालिका कहते है |
- जिन्हें लंबे समय के लिए नियुक्त किया जाता है , उन्हें स्थायी कार्यपालिका कहते है | इसमें सभी नौकरशाह शामिल हैं |
- प्रधानमंत्री मंत्री परिषद् और राष्ट्रपति के बीच कड़ी का कार्य करता है |
- राष्ट्रपति पुरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है |

प्रश्न 1: संसद के कितने सदन होते है ?

उत्तर : संसद के दो सदन होते है :

(1) राज्य सभा |

(2) लोक सभा |

प्रश्न 2: एसईबीसी का पूरा नाम लिखो ?

उत्तर : सोशली एंड एजुकेशनली बैकवर्ड क्लासेज |

प्रश्न 3: 1980 में मंडल आयोग द्वारा सुझाए गए उपायों में एक प्रमुख सिफ़ारिश क्या थी ?

उत्तर : 1980 में मंडल आयोग द्वारा सुझाए गए उपायों में एक प्रमुख सिफारिश यह थी -

सरकारी नौकरियों में सामाजिक शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण देना |

प्रश्न 4: सरकारी निर्णय से उठाने वाले विवादों का निपटारा कौन करते है ?

उत्तर : सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय |

प्रश्न 5: सर्वोच्च न्यायालय के कितने न्यायाधीश सबसे वरिष्ठ है ?

उत्तर : 11 न्यायाधीश |

प्रश्न 6: आरक्षण के मामले में किसने क्या कियां ?

उत्तर : सर्वोच्च न्यायालय :- मंडल आयोग की सिफारिश को लागू करने की औपचारिक घोषणा की |

कैबिनेट :- आदेश जारी करके घोषणा को लागू किया |

**राष्ट्रपति :-** 27 फीसदी आरक्षण देने का फैसला किया |

**सरकारी आधिकारी :-** आरक्षण को वैध करार दिया |

प्रश्न 7: सर्कुलर जारी कौन करता है ?

उत्तर : सरकार |

प्रश्न 8: प्रधानमंत्री बनने के लिए क्या जरुरी है ?

उत्तर : प्रधानमंत्री को लोकसभा के सदस्यों के बहुमत का समर्थन प्राप्त होना जरुरी है |

प्रश्न 9: मंडल आयोग को क्या जिम्मा सौपा गया है ?

उत्तर : मंडल आयोग को भारत मे शैक्षिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग की पहचान के लिए मापदंड तय करना और पिछड़ापन दूर करने के उपाए बताने का जिम्मा सौपा गया |

प्रश्न 10:ओ.एम.नं. 36012\31\90 कब तैयार हो गया ?

उत्तर : 13 अगस्त 1990 में |

प्रश्न 11: सरकार पर नागरिको के प्रति क्या जिम्मेदारी होती है ?

उत्तर : सरकार पर नागरिको की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सबको शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाए मुहैया करने की जिम्मेदारी होती है |

प्रश्न 12: संस्थाए किसे कहते है ?

उत्तर : सभी आधुनिक लोकतांत्रिक देशो में कामो को देखने के लिए विभिन्न व्यवस्थाए की गई है | ऐसी व्यवस्थाओ को संस्थाएँ कहते है |

प्रश्न 13: सर्वोच्च न्यायालय संस्था क्या है ?

उत्तर : सर्वोच्च न्यायालय वह संस्था होती है जहाँ नागरिक और सरकार के बीच वाद-विवाद अंततः सुलझाए जाते है |

प्रश्न 14: किस कारण लोक्तान्त्रिक सरकारे संस्थाओ पर ज्यादा ज़ोर देतीं है ?

उत्तर : कोई भी फैसला लेने से पहले अनेक लोगो से राय विचार करने का अवसर मिल जाता है संस्थाओ के कारण एक अच्छा फैसला झटपट करना आसान नहीं होता , लेकिन यह संस्थाए बुरा फैसला ले पाना मुश्किल बना देते है | इसी कारण लोकतांत्रिक सरकारे संस्थाओ पर ज्यादा ज़ोर देती है |

प्रश्न 15: हर लोकतंत्र में सर्वोच्च राजनैतिक आधिकारो का प्रयोग कौन करता है ?

उत्तर : हर लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की सभी ही जनता की ओर से सर्वोच्च राजनैतिक अधिकार का प्रयोग करती है |

प्रश्न 16: संसद और विधानसभा किसे कहते है ?

उत्तर : भारत में निर्वाचित प्रतिनिधियों की राष्ट्रिय सभा को संसद कहते है | राज्य स्तर पर इसे विधानसभा कहा है |

प्रश्न 17: किसी भी लोकतांत्रिक देश में कानून बनाने का सबसे बड़ा अधिकार किसका होता है?

उत्तर :संसद |

प्रश्न 18: विधायिका किसे कहते है ?

उत्तर : कानून बनाने अथवा विधि निर्माण का काम इतना महत्वपूर्ण होता है कि इन सभाओ को विधायिका कहते है |

प्रश्न 19: चेंबर या सदन किसे कहते है ?

उत्तर: संसद की भूमिका और अधिकारों को दो हिस्सों में बाँटा गया है , इन्हें चेंबर या सदन कहते है |

प्रश्न 20: पहले तथा दुसरे सदन के सदस्य किस तरह चुने जाते है और क्या करतें है ?

उत्तर : पहले सदन के सदस्य सामान्यतः सीधे जनता द्वारा चुने होतें है और जनता की ओर से असली अधिकारों का प्रयोग करते है |

दुसरे सदन के सदस्य परोक्ष रूप से चुने जाते है तथा कुछ विशेष काम करते है |

प्रश्न 21: दुसरे सदन का सामान्य काम क्या होता है ?

उत्तर : दुसरे सदन का सामान्य काम विभिन्न राज्य , क्षेत्र तथा संघीय इकाइयों के हितो की निगरानी करना होता है |

प्रश्न 22: "अपर हॉउस " किसे कहा जाता है ?

उत्तर : राज्यसभा |

प्रश्न 23: "लोअर हॉउस " किसे कहा जाता है |

उत्तर : लोकसभा |

प्रश्न 24: लोकसभा किसको नियंत्रित करती है ?

उत्तर : मंत्रिपरिषद को |

प्रश्न 25 : उस निकाय का सरकारी नाम बताओ जिसमे सारे मंत्री शामिल है ?

उत्तर : मंत्रिपरिषद |

प्रश्न 26: किस कारण संसद के सभी फैसले राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू होते हैबा ?

उत्तर : भारत का राष्ट्रपति भी संसद का हिस्सा होता है हालाँकि वह दोनों में से किसी भी सदन का हिस्सा नहीं होता | इसलिए संसद के सभी फैसले राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ही लागू होते है

प्रश्न 27:किसी लोकतांत्रि देश में कार्यपालिका के कितने सदन होते है ?

उत्तर : किसी लोकतांत्रिक देश में कार्यपालिका के दो भाग होते है :-

(1) राजनैतिक कार्यपालिका :- जनता द्वारा एक खास अवधि के लिए निर्वाचित लोगो को राजनैतिक कार्यपालिका कहते है |

(2) स्थायी कार्यपालिका :- जिन्हें लंबे समय के लिए नियुक्त किया जाता है , उन्हें स्थायी कार्यपालिका कहते है |

प्रश्न 28: सिविल सर्वेंट या नौकरशाह किसे कहते है ?

उत्तर : लोक सेवाओ में काम करने वाले लोगो को सिविल सर्वेंट या नौकरशाह कहते है |

प्रश्न 29: मंत्री किसी नौकरशाह से अधिक प्रभावशली क्यों होता है ?

उत्तर : नौकरशाह अधिक शिक्षित होता है और उसे विषय की अधिक जानकारी और महारथ होती है | वित् मंत्रालय में काम करने वाले नौकरशाह और सलाहकारों को अर्थशास्त्र की जानकारी वित् मंत्री से ज्यादा होती है |

प्रश्न 30: क्या कारण है की मंत्री ही सारे फैसले करता है ?

उत्तर : किसी लोकतत्र में लोगो की इच्छा सर्वोपरी होती है | मंत्री लोगों द्वारा चुना गया होता है और इस प्रकार उसे जनता की और से उनकी इच्छाओ को लागू करने का अधिकार प्राप्त होता है | अपने फैसले के नतीजे के लिए वह लोगो के प्रति जिम्मेदार होता है | इसलिए मंत्री ही सारे फैसले करता है |

प्रश्न 31: किस प्रकार लोकतंत्र में निर्वाचित मंत्रीं इसी व्यापक नजरिये वाले व्यक्ति की भूमिका निभाते है ?

उत्तर : दरअसल , ऐसा प्रत्येक संगठन में होता है | जो पूरे मामले को अच्छी तरह समझते है | वे हि सबसे महत्वपूर्ण फैसले करते है , विशेषज्ञ नहीं करते है | विशेषज्ञ केवल रास्ता बताते है, लेकिन व्यपाक नजरिया रखने वाला व्यक्ति निर्वाचित मंत्री इसी व्यापक नजरिए रखने वाला व्यक्ति ही मंजिल के बारे में फैसला करता है |

प्रश्न 32: राष्ट्रपति किस नेता को ही प्रधानमंत्री नियुक्त करता है ?

उत्तर : राष्ट्रपति लोकसभा में बहुमत वाली पार्टी अथवा पार्टियो के गठबंधन के नेता को ही प्रधानमंत्री नियुक्त करता है |

प्रश्न 33: मंत्री अमूमन किस पार्टी के होते है ?

उत्तर : मंत्री अमूमन उसी पार्टी गठबंधन के होते है , जिसे लोकसभा में बहुमत प्राप्त हो |

प्रश्न 34: कैबिनेट मंत्री कौन होते है ?

उत्तर : कैबिनेट मंत्री सताधारी पार्टी या गठबंधन की पार्टियो के वरिष्ट नेता होतें है | ये प्रमुख मंत्रालयों के प्रभारी होते है | कैबिनेट मंत्री मंत्रिपरिषद के नाम पर फैसले लेने के लिए बैठक करते है | इस तरह कैबिनेट मंत्रीपरिषद् का शीर्ष समूह होता है | इसमें लगभग 20 मंत्री होते है|

प्रश्न 35: स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री कौन होते है ?

उत्तर : स्वतंत्र प्रभार वाला राज्य मंत्री अमूमन छोटे मंत्रालयों के प्रभारी होते हैं | वे विशेष रूप से आमंत्रित किए जाने पर ही कैबिनेट की बैठको में हिस्सा लेते है |

प्रश्न 36: राज्य मंत्री कौन होते है ?

उत्तर : राज्य मंत्री अपने विभाग के कैबिनेट मंत्रालयों से जुड़े होते है और उनकी सहायता करता है |

प्रश्न 37: क्या कारण है की अधिकांश देशो में संसदीय लोकतंत्र की सरकार को कैबिनेट का रूप कहा जाता है ?

उत्तर : सभी मन्त्रियो के लिए नियमित रूप से मिलकर हर बात पर चर्चा करना व्यवहरीक नहीं है | अतः फैसले कैबिनेट बैठको में ही किए जाते है इसलिए अधिकांश देशो में संसदीय लोकतंत्र की सरकार को कैबिनेट का रूप कहा जाता है |

प्रश्न 38: प्रधानमंत्री के अधिकार लिखे ?

उत्तर : प्रधानमंत्री के अधिकार निम्न है -

(1) सरकार के प्रमुख होने के नाते प्रधानमंत्री के व्यापक अधिकार होते है |

(2) वह कैबिनेट की अध्यक्षता करता है |

(3) विभागों के विवाद के मामले में प्रधानमंत्री का निर्णय ही अंतिम माना जाता है |

(4) वह विभिन्न विभागों की सामान्य निगरानी करता है |

(5)प्रधानमंत्री ही मंत्रियो को काम का विवरण और पुनर्वितरण करता है |

(6) उसे किसी भी मंत्री को बर्खास्त करने का अधिकार होता है |

प्रश्न 39: जब प्रधानमंत्री अपना पद छोड़ता है तो उसका इस्तीफा कौन दे देता है ?

उत्तर : मंत्रिमंडल |

प्रश्न 40: भारत के रक्षा- बलो का सुप्रीम कमांडर कौन होता है ?

उत्तर : राष्ट्रपति |

प्रश्न 41 : राष्ट्रपति कहने के लिए कार्यपालक की भूमिका निभाते है | स्पष्ट कीजिए |

उत्तर : राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष होता है |भारत का राष्ट्रपति ब्रिटेन की तरह ही है जिसका काम अलंकारिक अधिक होता है |राष्ट्रपति देश को सभी राजनैतिक संस्थाओ के काम पर निगरानी रखता है ताकि वह राज्य के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिल जुलकर काम करे | राष्ट्रपति का चयन जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नहीं किया जातां | राष्ट्रपति पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है लेकिन राष्ट्रपति उस तरह से प्रत्यक्ष जनादेश का दावा नहीं कर सकता है जिस तरह से प्रधानमंत्री | इससे यह स्पष्ट हो जाता है की राष्ट्रपति कहने के लिए कार्यपालक की भूमिका निभाते है |

प्रश्न 42 : राष्ट्रपति किस - किस को नियुक्त करता है ?

उत्तर : वह भारत के मुख्य न्यायाधीश , सर्वोच्च न्यायालयो और राज्य के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश , राज्यपालों ,चुनाव आयुक्त तथा दुसरे देशो में राजदूतो आदि को नियुक्त करता है

प्रश्न 43: राष्ट्रपति कौन चुनता है ?

उत्तर : संसद सदस्य और राज्य की विधानसभा के सदस्य |

प्रश्न 44: किस कारण सभी आधुनिक लोकतन्त्रो में अदालते , विधायिका और कर्येपलिका के आधीन नहीं होती ?

उत्तर : न्यायपालिका की स्वतंत्रा का मतलब है की वह कार्यपालिका और विधायिका के नियंत्रण में नहीं है | न्यायाधीश सरकार के निर्देश सत्ताधारी पार्टी की मर्जी के अनुसार काम नहीं करते | इसी कारण सभी आधुनिक लोकतन्त्रो में अदालते , विधायिका और कर्येपलिका के आधीन नहीं होती |

प्रश्न 45: न्यायपालिका किसे कहते है ?

उत्तर : देश के विभिन्न स्तरों पर मौजूद अदालतो को सामूहिक रूप से न्यायपालिका कहते है|

प्रश्न 46:: भारतीय न्यायपालिका में सम्पूर्ण देश के लिए कौन - कौन से न्यायालय होते है ?

उत्तर : भारतीय न्यायपालिका में सम्पूर्ण देश के लिए सर्वोच्च न्यायालय , राज्यों में उच्च न्यायालय , जिला न्यायालय और स्थानीय स्तर के न्यायालय होते है |

प्रश्न 47:राष्ट्रपति सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को किसकी सलाहों से नियुक्त करते है ?

उत्तर : प्रधानमंत्री की सलाहों पर |

प्रश्न 48: जनहित याचिका किसे कहतें है ?

उत्तर : सरकार की कार्रवाईयो से जनहित को ठेस पहुचाने पर कोई भी अदालत जा सकता है ,इसे  जनहित याचिका कहतें है|

प्रश्न 49:सर्वोच्च न्यायालय देश में किसको नियांत्रित करती है ?

उत्तर : न्यायिक प्रशाशन को |

-प्रश्न 50 : दुनिया की सर्वाधिक प्रभावशाली न्यायपालिकाओ में से एक न्यायपालिका कौन -कौन से है ?

उत्तर : भारत की न्यायपालिका |